डॉ. हेमल के नाम पर हो मेडिकल कॉलेज

- मुख्यमंत्री मोहन याद व के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन
- शोध और रोबोटिक सर्जरी में योगदान का दिया हवाला

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. विश्वविख्यात यूरोलॉजिस्ट एवं पद्मश्री सम्मानित डॉ. अशोक के. हेमल के नाम पर छतरपुर मेडिकल कॉलेज अथवा उसकी किसी प्रमुख विंग का नामकरण किए जाने की मांग को लेकर स्वर्णकार समाज ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा.

समाज ने कहा कि डॉ. हेमल ने चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से छतरपुर और बुंदेलखंड का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है. ज्ञापन में बताया गया कि डॉ. अशोक के. हेमल का जन्म छतरपुर में हुआ था.उन्होंने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली में लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं और भारत में रोबोटिक यूरोलॉजी सर्जरी की शुरुआत करने वाले अग्रणी विशेषज्ञों में शामिल रहे. वर्तमान में वे अमेरिका में चिकित्सा एवं शोध कार्य से जुड़े हुए हैं और अब तक 50 से अधिक देशों के चिकित्सकों को रोबोटिक सर्जरी का प्रशिक्षण दे चुके हैं. स्वर्णकार समाज ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि डॉ. हेमल को राष्ट्रपति पुरस्कार सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं.उन्होंने चिकित्सा विज्ञान पर कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं, जिनका अध्ययन देश-विदेश के मेडिकल छात्र और चिकित्सक करते हैं.इसके अलावा उनके 500 से अधिक शोधपत्र अंतरराष्ट्रीय मेडिकल जर्नलों में प्रकाशित हो चुके हैं.

समाज का कहना है कि यदि छतरपुर मेडिकल कॉलेज या उसकी किसी प्रमुख विंग का नाम पद्मश्री डॉ. अशोक के. हेमल के नाम पर रखा जाता है, तो यह उनके अतुलनीय योगदान का सम्मान होगा.साथ ही यह निर्णय जिले के युवाओं और भावी चिकित्सकों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा.ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से इस मांग पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की गई है.

पिता के हत्यारे बेटे को उम्रकैद

- गढ़ीमलहरा में लकड़ी के पटिए से की थी पिता की हत्या
- प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश ने 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है.प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश छतरपुर ने आरोपी नरेंद्र को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1) के तहत दोषी करार देते हुए उम्रकैद और 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया.

अभियोजन के अनुसार, आरोपी नरेंद्र अपने पिता पूरनलाल के साथ रहता था. वह पहले भी एक हत्या के मामले में सजा काट चुका था.कोई कामकाज नहीं करने के कारण पिता उसे अक्सर समझाते और डांटते थे, जिससे दोनों के बीच लगातार विवाद होता था.11-12 नवंबर 2024 की रात आरोपी ने लकड़ी के पटिए से पिता के सिर पर कई वार कर दिए, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव होने पर उनकी मौके पर ही मौत हो गई.

दूसरा बेटा घर पहुंचा तो हुआ खुलासा

घटना का खुलासा उस समय हुआ जब मृतक के दूसरे बेटे भगवानचरण ने सुबह पिता को फोन किया लेकिन जवाब नहीं मिला. घर पहुंचने पर उसने आरोपी को खून के निशान मिटाने की कोशिश करते देखा.अंदर जाकर पिता का शव लहूलुहान हालत में पड़ा मिला.सूचना मिलने पर गढ़ीमलहरा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया. मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक पंकज पाठक ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर प्रभावी पैरवी की.सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई.

एक नजर में

केन-बेतवा परियोजना को लेकर आंदोलन जारी

छतरपुर, 7 जुलाई. छतरपुर-पन्ना की केन-बेतवा लिंक परियोजना सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं से प्रभावित ग्रामीणों का 'चिता आंदोलन' बारिश के बीच भी जारी रहा.आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने न्याय, उचित मुआवजा, पुनर्वास और कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी रखा. इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर आमरण अनशन पर बैठ गए.आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा.

वृद्ध महिला की करंट लगने से मौत

छतरपुर, 7 जुलाई. जिले के लवकुशनगर थाना क्षेत्र के हड़वा गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में वृद्ध महिला की करंट लगने से मौत हो गई.बताया जा रहा है कि मंगलवार रात आई तेज आंधी के दौरान बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिर गया था.मंगलवार सुबह महिला मंदिर में पूजा करने जा रही थी, तभी वह नंगे बिजली के तार की चपेट में आ गई.प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला ने तार हटाने का प्रयास किया, जिससे उसे करंट लग गया. घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी.पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है.बिजली विभाग भी घटना की जांच में जुटा है.हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है.

फोटो, मारपीट

डॉक्टर पर नशे में मारपीट का आरोप

छतरपुर, 7 जुलाई. भगवां थाना क्षेत्र के ग्राम घुवारा निवासी अनीता अहिरवार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घुवारा के ड्यूटी डॉक्टर और उनके स्टाफ के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की.महिला का आरोप है कि बीमार भांजे का इलाज कराने पहुंचने पर डॉक्टर ने उपचार करने से इनकार कर दिया और उनके साथ मारपीट की. पीड़िता के अनुसार, 30 जून की रात करीब 12 बजे वह अपने बीमार भांजे थोवन और बच्चों के साथ अस्पताल पहुंची थी.आरोप है कि उस समय ड्यूटी डॉक्टर आनंद यादव अपने स्टाफ के साथ शराब पी रहे थे.इलाज की बात कहने पर डॉक्टर और स्टाफ ने कथित रूप से जातिसूचक गालियां दीं, उपचार से मना कर दिया और विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट कर लज्जा भंग की.बीच-बचाव करने पहुंचे उसके बेटे आकाश तथा भांजे थोवन और अंकित के साथ भी मारपीट की गई. महिला का कहना है कि घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी और बाद में एसडीओपी बड़ामलहरा से भी की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई.इसके बाद उसने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित कराने, घायलों का मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपी डॉक्टर व स्टाफ के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है.पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त हुआ है और जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

जिले में बारिश से लबालब हो गए नदी-नाले

- झमटुली के पाल मोहल्ला का नाला उफान पर
- प्रशासन ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. जिले में सोमवार रात से लगातार हो रही झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया है. बीती रात तेज बारिश के चलते जिले के कई नदी-नाले उफान पर आ गए हैं. झमटुली के पाल मोहल्ला स्थित नाला भी तेज बहाव के साथ लबालब हो गया, जिससे आसपास के इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई.

कई ग्रामीण मार्गों पर पानी भरने से लोगों की आवाजाही भी प्रभावित हुई.

लगातार बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी पहुंचने के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे हैं.लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों का कहना है कि अब खरीफ सीजन की फसलों की बुवाई तेजी से शुरू हो सकेगी.ग्रामीण अखिलेश पाल ने बताया कि यह बारिश खेती के लिए किसी वरदान से कम नहीं है.मौसम साफ होते ही किसान सोयाबीन, उड़द, तिल और अन्य खरीफ फसलों की बुवाई शुरू करेंगे.झ बारिश का सबसे ज्यादा आनंद बच्चों ने उठाया.गांव और कस्बों में बच्चे पानी से भरी गलियों और नालों के किनारे खेलते और बारिश में भीगते नजर आए.वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ने से लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है.प्रशासन ने उफनते नालों और पुल-पुलियों को पार नहीं करने की अपील की है. मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक जिले में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है.ऐसे में किसानों को जहां अच्छी फसल की उम्मीद जगी है, वहीं प्रशासन भी संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सतर्क नजर आ रहा है.लगातार हो रही बारिश से पूरे जिले में हरियाली लौट आई है और लोगों को गर्मी से भी राहत मिली है.

छतरपुर में 'लोक सेवा गुरुकुल' का शुभारंभ

- प्रतियोगी परीक्षाओं की नि:शुल्क कोचिंग मिलेगी

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला प्रशासन ने 'लोक सेवा गुरुकुल' की शुरुआत कर एक नई पहल की है. शहर स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी में सोमवार को अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अशोक वर्णवाल ने फीता काटकर इस नि:शुल्क कोचिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया.

इस अवसर पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया, नगर पालिका सीएमओ माधुरी शर्मा सहित कई अधिकारी मौजूद रहे. अपर मुख्य सचिव ने इस पहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक सार्थक नवाचार बताते हुए विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें करियर संबंधी मार्गदर्शन भी दिया. जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को छतरपुर में ही प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी उपलब्ध कराना है. इससे अभ्यर्थियों को इंदौर, भोपाल और दिल्ली जैसे शहरों में महंगी कोचिंग के लिए जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी.लोक सेवा गुरुकुल के अंतर्गत विद्यार्थियों को ऑफलाइन कक्षाओं के साथ डिजिटल स्टडी मटेरियल, ऑनलाइन संसाधन और नियमित मॉक टेस्ट की सुविधा भी दी जाएगी. खास बात यह है कि कलेक्टर पार्थ जैसवाल, जिला पंचायत सीईओ नम: शिवाय अरजरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले सहित जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, विषय विशेषज्ञ और शिक्षक स्वयं समय-समय पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देंगे. कोचिंग कक्षाएं प्रत्येक सप्ताह गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को शाम 5 बजे से 7 बजे तक संचालित होंगी.यूपीएससी, एमपीपीएससी, कर्मचारी चयन मंडल, बैंकिंग आदि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी.

ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

- स्कूलों में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. मप्र पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के तहत छतरपुर जिले में विद्यालयों सहित नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए.

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा से जुड़े विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों की जानकारी देकर डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक किया.

कार्यक्रम के दौरान संचार साथी पोर्टल के माध्यम से खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ब्लॉक और ट्रेस कराने की प्रक्रिया समझाई गई. इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर ऑनलाइन साइबर अपराध की शिकायत दर्ज करने तथा साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में बैंक खाता फ्रीज कराने और शिकायत के निस्तारण की प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई.झ छतरपुर पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक या साइबर अपराध का शिकार होने पर बिना देरी साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें.

ब्लैकमेलिंग से तंग हो युवक ने की आत्महत्या जांच की मांग

छतरपुर, 7 जुलाई. राजनगर थाना क्षेत्र के ग्राम नदया निवासी रज्जू राजा ने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आवेदन सौंपा.उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पति ओमपाल सिंह को एक युवती लगातार ब्लैकमेल कर रही थी, जिससे मानसिक रूप से परेशान होकर उन्होंने आत्महत्या कर ली.पीड़िता का कहना है कि ब्लैकमेलिंग के कारण उनके पति लंबे समय से तनाव में थे. इसी मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया.परिवार ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की.

ग्रामीण कर रहे हैं पलायन

- रोजगार के अलावा मूलभूत सुविधाओं का अभाव

नवभारत न्यूज

हरपालपुर, 7 जुलाई. बुंदेलखंड के गांवों के सैकड़ों लोग रोजगार की तलाश में महानगरों की ओर पलायन करने को मजबूर हैं.पलायन की एक वजह अल्प वर्षा से उत्पन्न हालात भी है. वीबी जी राम जी और आजीविका मिशन योजना से भी हालत नहीं बदल रहे है.

क्षेत्र के अधिकांश गांवों के किसान व मजदूर तेजी से पलायन कर रहे हैं. जनप्रतिनिधियों की उदासीनता एवं प्रशासन का सहयोग न मिलने पर उन्हें पलायन के लिए मजबूर कर दिया. पलायन रोकने की दिशा में कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है.

स्थानीय नागरिकों की मानें तो गांवों में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ, संचार और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव बरकरार है. बेरोजगारी के बीच लोग पशुओं को बेच कर घर गिरवी रख पलायन को मजबूर हैं. ग्रामीणों का कहना है कि उद्योग-धंधे न होने से पलायन को मजबूर हैं.कांग्रेस नेता संतोष कुमार का कहना है सरकार गांवों के विकास और रोजगार की कोई नीति बना पाई है.पलायन रोकने के लिए प्रशासन गंभीर नहीं है.

बिजली की समस्या को लेकर उठाई आवाज

गौरिहार, 7 जुलाई. जनपद पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 की जनपद सदस्य भावना राजे प्रजापति ने ग्राम पलटा में लंबे समय से बनी बिजली समस्या के स्थायी समाधान की मांग उठाई है. उन्होंने विद्युत वितरण केंद्र गौरिहार के कनिष्ठ अभियंता को आवेदन सौंपकर गांव में नियमित और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की.भावना राजे प्रजापति ने बताया कि ग्राम पलटा 11 केवी विद्युत लाइन के अंतिम छोर पर स्थित है, जिसके कारण गांव में बार-बार बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है.इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है.

जमीन विवाद में पति की हत्या का आरोप

- पत्नी ने परिवार के साथ एसपी कार्यालय में दिया आवेदन
- चाचा-भतीजे के खिलाफ निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. बक्सवाहा थाना क्षेत्र के ग्राम गुगबारा की रहने वाली सीमा लोधी ने मंगलवार को अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पति की संदिग्ध मौत को हत्या बताते हुए न्याय की गुहार लगाई.

उन्होंने आवेदन देकर आरोप लगाया कि जमीन विवाद के चलते उनके पति के साथ पहले मारपीट की गई थी, जिसके बाद खेत में उनका शव फांसी के फंदे पर मिला. पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही चाचा-भतीजे ने पहले उनके पति के साथ मारपीट की और बाद में उनकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया, ताकि मामले को आत्महत्या का रूप दिया जा सके.उन्होंने कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए.

कांग्रेस नेता के खिलाफ मामला हुआ दर्ज

छतरपुर. कांग्रेस नेता शंभू कुशवाहा के खिलाफ सोशल मीडिया पर कथित आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में सिटी कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज किया है. शिकायत में आरोप लगाया गया है कि फेसबुक पर साझा की गई एक पोस्ट में देवी-देवताओं और बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के संबंध में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की गई, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं.पुलिस के अनुसार, लोधीकुइया निवासी 30 वर्षीय सत्यम शर्मा ने शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की.

'सेफ क्लिक 2.0' अभियान | श्रद्धालुओं को ऑनलाइन ठगी से बचने के बताए उपाय

बागेश्वर धाम में साइबर सुरक्षा की चौपाल लगाई

नवभारत न्यूज

छतरपुर, 7 जुलाई. मप्र पुलिस के 'सेफ क्लिक 2.0' अभियान के तहत मंगलवार को बमीठा पुलिस और बागेश्वर धाम जन सेवा समिति ने बागेश्वर धाम परिसर में साइबर जागरूकता जन चौपाल का आयोजन किया.

पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य पटले के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से आए श्रद्धालुओं को ऑनलाइन ठगी और साइबर अपराधों से बचाव के बारे में जागरूक किया गया. थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने श्रद्धालुओं को बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड या ओटीपी साझा न करें और मोबाइल पर आने वाले संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें.उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी नई-नई तकनीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं, इसलिए सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है. कार्यक्रम के दौरान संचार साथी पोर्टल से खोए या चोरी हुए मोबाइल को ब्लॉक और ट्रेस कराने, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने तथा धोखाधड़ी की स्थिति में बैंक खाता फ्रीज कराने की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई गई.पुलिस ने अपील की कि किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें. इस अवसर पर चौकी प्रभारी, बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे.

सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर उठाए सवाल

- ग्रामीणों ने की जांच की मांग

नवभारत न्यूज

चंदला, 7 जुलाई.जनपद पंचायत गौरीहार अंतर्गत ग्राम पंचायत सीलप में खूनी बाबा के स्थान से भैयाराम पाल के मकान तक छोटी नदी की ओर बन रही लगभग 8.50 लाख रुपये की लागत वाली सीसी सड़क एवं नाली निर्माण में ग्रामीणों ने गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं.

पांचवें राज्य वित्त आयोग मद से स्वीकृत इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए ग्रामीणों ने घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया. ग्रामीणों ने प्रशासन से तकनीकी जांच की मांग की है.

ग्रामीणों का कहना है कि रेत के स्थान पर मिट्टी व कंकड़ मिली सामग्री का उपयोग किया जा रहा है. ग्रामीणों ने यह भी दावा किया कि पंचायत में पूर्व में बनी कई सीसी सड़कें कुछ ही महीनों में क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्यों का निरीक्षण नहीं किया जा रहा है. उनका कहना है कि यदि समय-समय पर जांच होती तो पहले हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सवाल नहीं उठते. इस संबंध में जनपद की मुख्य कार्यपालन अधिकारी भारती ठाकुर से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका, क्योंकि बार-बार फोन काट दिया गया.